### एक नजर में

## गौरव ग्रंथ का विमोचन प्रसंग कल

**इंदौर .** देवपुत्र एवं स्वदेश के पूर्व संपादक, इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं मालवा प्रांत के प्रथम संघ चालक कृष्ण कुमार अष्ठाना के समग्र पर केंद्रित गौरव ग्रंथ संघ के अनुष्ठान में अष्ठाना का विमोचन 25 अक्टूबर को किया जायेगा. अग्निधर्मा संपादक समूह द्वारा सम्पादित इस गौरव ग्रंथ के विमोचन के साथ ही निबंध संग्रह साहित्य में विमर्श, नई दृष्टि का विमोचन में भी किया जायेगा. उक्त प्रसंग में डॉ प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता एवं डॉ विकास दवे के मुख्य आतिथ्य में विशेष अतिथि नर्मदा प्रसाद उपाध्याय रहेंगे. यह कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, खंडवा रोड पर सम्पन्न होगा.

## फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को भोजन पैकेट्स वितरित



**इंदौर .** शहर एवं दूर दराज के गांवों-कस्बों से शहर में आकर फुटपाथ पर बैठकर रोजी-रोटी कमाने के लिए व्यापार करने वाले करीब 2 हजार लोगों की आंखें उस समय छलक उठी, जब जैन श्वेताम्बर समाज के नवकार परिवार से जुड़े कार्यकर्ताओं ने दीपावली पर उनके पास पहुंचकर उन्हें भोजन के पैकेट्स भेंट किए. नवकार परिवार के युवाओं ने 10 अलग-अलग टीमें बनाकर शहर के राजबाड़ा, एयरपोर्ट रोड, मालवा मिल, पाटनीपुरा, तिलक नगर एवं महूनाका सहित उन सभी क्षेत्रों में पहुंचकर ऐसे व्यापारियों के लिए ताजा भोजन उपलब्ध कराने का अनूठा संकल्प किया था. छोटी-मोटी दुकानदारी के दौरान इनके खाने का कोई भी समय तय नहीं रहता. इन सब तकलीफों को देखकर जैनाचार्य विश्वरत्न सागर सूरी, संस्था के मार्गदर्शक आचार्य भगवंत आनंदचंद्र सागरसूरी एवं अध्यात्म योगी मुनि ऋषभचंद्र सागरजी की प्रेरणा से नवकार परिवार ने पहली बार यह संकल्प किया कि इन फुटपाथ और सड़क किनारे पटरियों पर बैठकर काम काज करने वाले लोगों के लिए स्वादिष्ट और ताजा भोजन उन तक पहुंचाया जाए. इसके लिए नवकार परिवार के कर्ताधर्ताओं ने योजना बनाई, आपस में आर्थिक सहयोग जुटाया और ोजन के पैकेट्स बनाना शुरू कर दिए। सुबह 11 बजे तक सभी पैकेट्स तैयार होकर पीपली बाजार स्थित आदिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर बुलवा लिए गए, जहां मंदिर में दर्शन एवं जैनाचार्यों को वंदन करने के बाद 10-10 कार्यकर्ताओं की टीमें बनाकर शहर के 10 क्षेत्रों में रवाना कर दी गई और दोपहर डेढ़ बजे तक शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में फुटपाथ पर धंधा करने वालों तक भोजन सेवा पहुंचा दी गई. नवकार परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि संस्था की ओर से हर वर्ष दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर इंदौर आकर फुटपाथ या सडक की पटरियों पर बैठकर रोजी-रोजी कमाने वालों के लिए भोजन सहित अन्य सुविधाओं के प्रबंध का विचार भी चल रहा है.


## तस्वा और शुभमन गिल एक साथ आए

**इंदौर .** तस्वा फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी के सहयोग से, क्रिकेट आइकन शुभमन गिल को एम्बेसडर बनाकर अपने नए ब्रांड विज़न की घोषणा कर रहा है. शुभमन गिल का किसी भी वेडिंग वियर ब्रांड के साथ ये पहली सहभागिता है, जो तस्वा के इस सफर में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह एक साहसिक सांस्कृतिक बदलाव का संकेत देता है. इस सहभागिता के तहत शादी को स्थापित परंपराओं के बजाय प्रेम, अंतरंगता और साझा स्वामित्व के उत्सव के रूप में दोबारा से स्थापित करने का सफल प्रयास किया जा रहा है. इस जुड़ाव पर शुभमन गिल ने कहा तस्वा के साथ मेरा जुड़ाव खास है. जिस तरह मैदान पर हर पारी संतुलन, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति के बारे में होती है, मेरा मानना है कि शादियां भी इससे अलग नहीं हैं. आशीष मुकुल, ब्रांड हेड, तस्वा, ने कहा तस्वा हमेशा से सिर्फ़ गारमेंट्स से कहीं बढ़कर रहा है- यह एक प्रोग्रेसिव आइडिया का प्रतीक है. शादियां अब सिर्फ़ रस्मों के बारे में नहीं, बल्कि उनके केंद्र में जोड़े के बारे में हैं, जिसमें परिवार आनंदित साथी होते हैं. शुभमन गिल को अपना एम्बेसडर बनाकर, हम नई पीढ़ी के जोड़ों के लिए इस दृष्टिकोण को मज़बूत करने के लिए तत्पर हैं.

## छात्रवृत्ति आवेदन के लिए पोर्टल पर लिंक ओपन

**इंदौर .** जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को सूचित किया गया है कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतू वर्तमान में पोर्टल पर लिंक ओपन है. शैक्षणिक संस्था प्रमुखों से कहा गया है कि वे निर्धारित अंतिम तिथियों के भीतर संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवेदन अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज करवायें, ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके. सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति तथा आदिवासी विकास इंदौर ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025, शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए 30 नवम्बर 2025 तथा शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 31 दिसम्बर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है. छात्रों के आवेदन किये जाने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर विद्यार्थियों की जानकारी टिकट प्रारूप में कार्यालय अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग कलेक्टोरेट परिसर, द्वितीय मंजिल में उपस्थित होकर टिकट जनरेट करवा सकेंगे.

## हर्षोल्लास से मनाया बाब और बहाउल्लाह का जन्मोत्सव



इंदौर. जिम्मी और जनक मगिलिगन फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के तत्वावधान में बहाई धर्म के युगल अवतार बाब और बहाउल्लाह का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया. बहाई सेविका डॉ. श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर प्रो. कन्हैया आहूजा थे. कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती मगिलिगन की बहाई प्रार्थना से हुआ. उन्होंने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि उनका जीवन ईश्वर को धन्यवाद के लिए, जिम्मी मगिलिगन के साथ विवाह समाज सेवा और पर्यावरण के लिए समर्पित है. जिम्मी जी ने भारत में बहाई सेवा के लिए मातृभूमि छोड़ दी, क्योंकि वे बाब और बहाउल्लाह से प्रेरित थे. डॉ. नीरजा पौराणिक ने संस्कृत में मंत्रोच्चारण किया. कार्यकम के मुख्य वक्ता आईआईटी बीएचयू और हैदराबाद ट्रिपल आईआईटी के सेवानिवृत्त डायरेक्टर प्रो. राजीव संगल ने बहाई युगल अवतार बाब और बहाउल्लाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सदियों से दुनिया के लोग ईश्वर द्वारा वादा किए गए दिव्य युग की प्रतीक्षा कर रहे हैं, एक ऐसा युग जब पृथ्वी पर शांति और सद्भाव स्थापित होगा. बहाई अनुयायियों का मानना है कि उनके जुड़वां अवतार, दिव्यात्मा बाब और बहाउल्लाह दिव्य युग की भविष्यवाणी को पूरा करते हैं. इस अवसर पर डॉ. उषा मलिक, सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन, डॉ. अपूर्व पौराणिक, डॉ. रवि वर्मा (सर्जन), प्रो आशीष दुबे, श्रीमती निशा संगल, प्रो ऋषिना नातू, पुष्पा जैन, चेरी और सनमान, नीलेश चौहान, इंदर भंडारी, पटेल मास्टर सहित दौर और गांव से कई श्रद्धालु मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में ट्रस्टी श्रीमती अनुराधा दुबे ने सभी का आभार माना.

## धरावरा धाम पर अन्नकूट महोत्सव 28 को, 20 गांवों के श्रद्धालु आएंगे

इंदौर. धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम पर दीपोत्सव की श्रृंखला में आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 28 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी के साथ होगा. आयोजन के प्रमुख डॉ. सुरेश चौपड़ा एवं नानूराम चौधरी ने बताया कि महोत्सव में आसपास के 20 गांवों के श्रद्धालु शामिल होंगे. संयोजक दिनेश गर्ग एवं कल्याण भांगड़िया तथा अध्यक्ष संतोषसिंह के मार्गदर्शन में आश्रम से जुड़े गोविंद मंगल, सुधीर अग्रवाल, अशोक कुमावत एवं सीताराम नरेड़ी को विभिन्न समितियों का दायित्व सौंपा गया है.







# कलेक्टर ने धार मंडी में भावांतर योजना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**धार।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेशभर में किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आज से सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ की गई। इसी क्रम में धार जिले की मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा स्वयं धार कृषि उपज मंडी पहुँचे और संपूर्ण खरीदी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

कलेक्टर मिश्रा ने मंडी परिसर में किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं—जैसे भोजन, पेयजल, शयन स्थल, पार्किंग, तुलाई एवं भुगतान व्यवस्था—का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएँ जानीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी कार्य में किसी भी किसान को असुविधा का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर दिलाना है। मंडियों में सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से संचालित हों, इसके लिए प्रशासन सतत निगरानी रखेगा। उन्होंने मंडी परिसर में मौजूद कर्मचारियों और खरीदी एजेंसियों को यह भी निर्देशित किया कि खरीदी, तुलाई और भुगतान प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए ताकि किसानों का विश्वास और अधिक मजबूत हो।निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी, कृषि विभाग एवं सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। किसानों ने मंडी में किए गए बेहतर प्रबंधों के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया और भावांतर योजना को किसानों के हित में सराहनीय कदम बताया।





# गोवर्धन पूजा पर महाबली दंगल में बच्चा पाड़ा सरदारपुर प्रथम, केसरी को द्वितीय स्थान

**बाग ( धार )।** श्री सांवरिया सेठ ग्रुप के तत्वाधान में विराटनगर बाग में गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित महाबली दंगल में रोमांचक मुकाबले हुए। दंगल के फाइनल में बच्चा पाडा , सरदारपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि केसरी को द्वितीय स्थान मिला। विजेताओं को ?21,000 एवं ?11,000 के नकद इनाम व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र बामनिया (सरपंच, बाग) रहे। विशेष अतिथि के रूप में रोहित झंवर (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष), श्याम उस्ताद (भाजपा वरिष्ठ नेता), गुड्डू बाग समाजसेवी, सुरेश सिसोदिया, (मंडल अध्यक्ष), अंकित झंवर (भाजपा महामंत्री), विकास डावर, पूर्व सरपंच राजकुमार मालवी ( पत्रकार) एवं मंजू पटेल (बाग) उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जयकारों से मैदान गूंज उठा।

# जिले में कार्बाइड गन पर निर्माण व बिक्री पर प्रतिबंध

**धार।** जिला प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में कार्बाइड गन के निर्माण, क्रय-विक्रय, उपयोग एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के तहत यह कि कोई भी व्यक्ति/संस्थायें, व्यापारी प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा/स्टील अथवा पीवीसी पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (काबाईड गन) का निर्माण, भण्डारण, क्रय-विक्रय, वितरण, प्रदर्शन, चलाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। धार जिले में आम नागरिकों की जान-माल, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से गैस लाइटर, प्लास्टिक पाइप लाइन ओर कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग से बनी 卐कार्बाइड गन卐 तथा इसी प्रकार के विधि विरुद्ध अन्य खतरनाक उपकरणों के निर्माण, क्रय, विक्रय, प्रदर्शन एवं इसके उपयोग को तत्काल प्रतिबंधित किया जाता है। यह आदेश नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण की रक्षा, प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित होकर आम-जन से संबंधित है। एस.डी.एम./पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभाग इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवायेंगे तथा उल्लंघन की दशा में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित प्रत्येक व्यक्ति इस प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन का दोषी होगा।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के तहत उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

## कपिल सोनी बने एनएमओपीएस मध्यप्रदेश के प्रदेश सह सचिव, धार जिले से गौरवपूर्ण मनोनयन



**धार, म.प्र. पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन मध्यप्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा धार जिले के कपिल सोनी ( प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय खोदरापार मोरीपुरा, तहसील गंधवानी ) को संगठन के प्रदेश सह सचिव पद पर मनोनीत किया गया है।**

यह मनोनयन जिला धार के अध्यक्ष कमल किशोर जाट की अनुशंसा पर किया गया, जिसे संगठन के प्रांताध्यक्ष परमानंद डेहरिया द्वारा स्वीकृत किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमल किशोर जाट ने श्री कपिल सोनी को शुभकामनाएं देते हुए कहा — पिल जी का यह मनोनयन निश्चित ही धार जिले के लिए गौरव का विषय है।

हमें विश्वास है कि वे संगठन की मजबूती और पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने श्री कपिल सोनी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 9 नवंबर को

**धार . मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने के निर्देश प्राप्त हुए है।**

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा एकीकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, कला और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने और सराहने, एक-दूसरे की संस्कृतियों का अन्वेषण करना, पारंपरिक कला रूपों को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान तथा युवाओं को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से राष्टीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 10 से 12 जनवरी 2026 तक भारतमण्डपम, नई दिल्ली में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं हेतु विकसित भारत यंग लिडर्स डायलॉग के तहत 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 के अन्तर्गत सांस्कृतिक और नवाचार थीम में जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 15 से 29 आयु वर्ग के युवा 7 विधा यथा भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी मे भाग ले सकेगें। 7 विधा के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नेबताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का एक दिवसीय कार्यक्रम 9 नवंबर 2025 को प्रात: 10:00 बजे से पुलिस लाईन धार स्थित सामुदायिक भवन, धार में किया जा रहा है। उक्त जिला स्तरीय युवा उत्सव में सर्वश्रेंष्ठ प्रदर्शन करने वाले 7 विधा के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तर पर धार जिले का प्रतिनिधित्व करेगें।

जिला स्तरीय युवा उत्सव मे भाग लेने हेतु पंजीयन फार्म भरकर 7 नवंबर तक कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, पुलिस कन्ट्रोल रूम परिसर धार मे जमा करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग पुलिस कन्ट्रोल रूम परिसर धार (मोबा-9981160398, 9098450626) पर सम्पर्क कर सकते है।

# रिटायर्ड आबकारी अधिकारी भदौरिया पर लोकायुक्त का दबाव बढ़ा

### इंदौर के नोटिस के बाद लॉकर खुलवाने ग्वालियर पहुंची टीम, परिवार के नाम पर हैं कई खाते और लॉकर



इंदौर. करोड़ों की बेनामी संपत्ति के मामले में फंसे रिटायर्ड आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पर लोकायुक्त की कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है. इंदौर और ग्वालियर में हुई छापेमारी के बाद अब लोकायुक्त पुलिस ने उनके और परिवार के नाम पर दर्ज बैंक लॉकरों की जांच शुरू कर दी है. लोकायुक्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भदौरिया के इंदौर और ग्वालियर स्थित ठिकानों पर हाल ही में छापे मारे गए थे. जांच में खुलासा हुआ कि भदौरिया ने अपने सेवाकाल में करीब दो करोड़ रुपए वेतन प्राप्त किया, लेकिन उसके पास 25 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति पाई गई. छापे के दौरान इंदौर में उनके दो बैंक खाते फ्रीज किए गए थे. इन्हीं खातों और लॉकरों को खुलवाने के लिए नोटिस भेजा था, लेकिन भदौरिया पहले पेश नहीं हुआ. छापे के दौरान लोकायुक्त टीम को बैंक ऑफ इंडिया में भदौरिया की पत्नी सीमा भदौरिया के नाम पर लॉकर मिला था. इसे खोलने पर लगभग 79 लाख रुपए मूल्य के जेवर बरामद हुए थे. इसके बाद दो अन्य लॉकरों की जानकारी भी सामने आई, जिन्हें तत्काल फ्रीज कर दिया था.

## ट्रक के अंदर बोरियों में छिपाकर रखी लाखों की शराब जब्त

▸ इंदौर से गुजरात भेजी जा रही थी शराब

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बेटमा पुलिस ने औसरुद फाटे पर एक इंदौर पासिंग ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसमें बोरियों में छिपाकर ले जाई जा रही 1200 पेटियों से अधिक अवैध शराब बरामद हुई. शराब की मात्रा 14,400 बल्क लीटर बताई जा रही है, जिसकी कीमत लाखों रुपए के आसपास आंकी गई है.**

थाना प्रभारी मीना करनावत ने बताया कि पुलिस ने ट्रक चालक तेजू, पिता शिवसिंह, निवासी ग्राम गुड़बेली, जिला आगरमालवा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है. चालक के पास शराब के कोई कागजात नहीं थे, शुरुआती जांच में यह खुलासा हुआ कि



शराब गुजरात भेजी जा रही थी. इंदौर से गुजरात तक अवैध शराब ले जाने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं. पुलिस ने ट्रक और शराब को थाने ले जाकर जप्ती में लिया है. पुलिस प्रकरण दर्ज कर तस्करी के इस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# जोन-2 में रातभर गुंडे-बदमाशों-चाकूबाजों की धरपकड़

▸ पुलिस ने सघन चेकिंग की.

इंदौर. त्योहारों के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने जोन-2 क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया. पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक के निर्देशन में यह अभियान देर रात तक चला, जिसमें विभिन्न थानों की संयुक्त टीमों ने गुंडा-बदमाश, जिलाबदर अपराधियों और चाकूबाजों की सघन चेकिंग की.

अभियान पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है. डीसीपी प्रतीक ने बताया कि अतिरिक्त डीसीपी अमरेन्द्र सिंह और सभी एसीपी व थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने संवेदनशील इलाकों में लगातार कार्रवाई की.



पुलिस टीमों ने रातभर हॉटस्पॉट, शेडो एरिया और नशे से प्रभावित स्थानों पर सर्च अभियान चलाया. अभियान के दौरान जोन-2 क्षेत्र के थानों द्वारा 13 जिलाबदर अपराधियों की चेकिंग, 46 गुंडा-बदमाशों की जांच, 32 चाकूबाजों की निगरानी, और 157 संदिग्धों को थानों पर पूछताछ के लिए लाया गया. इनमें से कई के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170 और 129 के तहत कार्रवाई की गई.

डीसीपी के मुताबिक, दो मामलों में आर्म्स एक्ट की कार्रवाई भी की गई. चेकिंग के दौरान पुलिस ने 32 गुंडों और चाकूबाजों के डोजियर भरने के साथ 59 हॉटस्पॉट और 40 शेडो एरिया की जांच की. इसके अलावा 26 नशे के अड्डों और 18 मल्टी/बिल्डिंग परिसरों की भी गहन जांच की गई. डीसीपी कुमार प्रतीक का कहना है कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है. असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाई गई है और सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें. उन्होंने बताया कि त्योहारों तक जोन-2 क्षेत्र में यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि शांति और सुरक्षा बनी रहे.